तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 23 नवंबर 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

14 साहस और संघर्ष की अद्भुत मिसाल है बिरसा ...



14 कोल्दा में महिला-पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता ...



## खबर संक्षेप

### बिजली ट्रांसफार्मर से क्वाइल की चोरी

**महासमुंद।** बिजली ट्रांसफार्मर से क्वाइल की चोरी के मामले में रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ खल्लारी थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को लाइन परिचारक तिलेश्वर कुमार साहू ने बताया कि दिनांक 14.11.2025 की रात्रि 09 बजे से दिनांक 15.11.2025 की सुबह 06 बजे के मध्य वितरण केंद्र खट्टी के अंतर्गत ग्राम अरंड में लगे 16 केवीए. ट्रांसफार्मर के अंदर में लगे क्वाईल अनुमानित कीमत करीबन 20000 रुपए की किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर ली। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### वकील के साथ मारपीट पति-पत्नी के खिलाफ अपराध दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम परसकोल निवासी व पेशे से वकील एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने के मामले में सिटी कोतवाली में आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दुर्गेश कुमार निराला पिता सुखराम निराला ने एफआईआर में बताया कि वह वार्ड नंबर 15 ग्राम परसकोल प्राथमिक शाला स्कूल के आगे भुरका रोड का निवासी है और पेशे से वकील है। 20 नवंबर की शाम 6.30 बजे वह अपने घर पर था, तभी ग्राम घोडारी का रहने वाले राकेश बंजारे एवं उसकी पत्नी शीलू बंजारे उसके घर आए और कहने लगे कि तुम कौन होते हो मेरे बाबूजी की जमीन को अपने नाम में करने वाले। ऐसा कहकर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। वहीं अपनी गाडी के डिक्की में रखे लोहे के राड को दिखाकर जान से मारने की धमकी दे रहे थे। मारपीट करने से बांये कंधा एवं बांये पैर में चोट आई है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# एसआईआर ड्यूटी के बाद अब हेड मास्टर गिनेंगे स्कूलों के आसपास के आवारा कुत्ते

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शिक्षक एसआईआर में उलझे हुए हैं वहीं हेडमास्टर के लिए कुत्तों की गिनती का नया फरमान जारी हो गया है। आगामी महीने में छमाही परिक्षाएं होनी हैं और शिक्षा व्यवस्था और विभागीय व्यवस्था में विरोधाभास नजर आ रहा है। जिले में 1083 शिक्षकों की ड्यूटी बीएलओ के रूप में लगाई गई है जिसमें अधिकतर शिक्षक होने के चलते इसका सीधा असर छात्रों के भविष्य पर पड़ेगा। क्योकि कक्षाएं खाली हैं और बच्चे अपने शिक्षक को तलाश रहे हैं, और शिक्षक मतदातों की खोज में जुटे हैं।

जिले में कुल 1768 प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल हैं, जिनमें 1276 प्राथमिक स्कूल और 492 माध्यमिक स्कूल शामिल हैं एवं 200 से अधिक हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल संचालित हो रहे हैं। इन स्कूलों में लगभग एक से दो लाख छात्र पढ़ाई करते हैं। इन समस्यों के बावजूद नये आदेश के अनुसार अब हेड मास्टर्स को स्कूल में प्रवेश करने वाले कुत्तों की गणना और निगरानी जैसे गैर-शैक्षणिक कार्य सौपे गए हैं। यह सब तब हो रहा है, जब इस महीने के बाद स्कूलों में अर्धवार्षिक परीक्षाएं होंगी।

शिक्षा के मूल उद्देश्य को दरकिनार कर दिए जाने से विद्यार्थियों का भविष्य अधर में लटकता नजर आ रहा है। इस बीच, जैसे ही शैक्षणिक सत्र अपने महत्वपूर्ण पड़ाव यानी अर्धवार्षिक परीक्षाओं के करीब पहुंच रहा है, शिक्षकों का एक बड़ा वर्ग चुनावी कार्यों में लगा दिया गया है। मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में बूथ लेवल ऑफिसर के रूप में शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है।

## लोक शिक्षण संचालनालय के आदेश से शिक्षा जगत में बढ़ी असमंजस की स्थिति

### मतदाता ढूंढ रहे पुरानी सूची

शिक्षक इस एसआईआर कार्य के तहत मतदाताओं के घरों में जाकर उनका ब्यौरा जुटा रहे हैं, लेकिन इसमें भी कई जटिलताएं सामने आ रही हैं। शिक्षक घर-घर जाकर एसआईआर प्रपत्र भरवाने के लिए मतदाताओं को ढूंढ रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ मतदाता सूची में अपना नाम पुख्ता रूप से जुड़वाने के लिए ग्रामीण वर्ष 2003 की पुरानी मतदाता सूची में अपने माता-पिता का नाम ढूंढ रहे हैं। पुरानी मतदाता सूची आसानी से उपलब्ध नहीं है।



छत्तीसगढ़

क्र०/विद्या/सर्वो.न्या./2025-26/709 नवा रायपुर, दिनांक 20/11/2025

प्रति,

1— समस्त, संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग कार्यालय, छत्तीसगढ़

2— समस्त, जिला शिक्षा अधिकारी छत्तीसगढ़

विषय:— माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रकरण Suo Moto Writ Petition(Civil) NO.05/2025 [illegible]

[illegible]

लोक शिक्षण संचालनालय

### विभाग का आदेश जारी

लोक शिक्षण संचालनालय के आदेश के अनुसार जिले के स्कूल व्यवस्थापकों यानी हेड मास्टर्स, को एक अजीबोगरीब नया आदेश जारी किया गया है। उन्हें अब स्कूलों में प्रवेश करने वाले कुत्तों की गणना और निगरानी का काम सौंपा गया है। इस आदेश के तहत हेड मास्टर को यह बताना होगा कि कुत्ता नर है या मादा, देशी है या दूसरी नस्ल का, उसका रंग कैसा है, और उसने किस समय स्कूल में प्रवेश किया। इसके लिए उन्हें एक विस्तृत प्रोफार्मा भी भेजा गया है।

## समस्या: सेवा केंद्र नहीं होने से समय, दूरी और खर्च बनी नागरिकों की मुसीबत

# आकांक्षी जिले में पासपोर्ट बनवाने राजधानी तक की दौड़ से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- विदेश यात्रा की इच्छा रखने वाले हजारों लोगों को और भारी परेशानी

जिले के नागरिकों को पासपोर्ट संबंधी कार्यों के लिए आज भी राजधानी रायपुर के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे उनका बहुमूल्य समय और धन दोनों बर्बाद हो रहा है। जिले में पासपोर्ट सेवा केंद्र या पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र न होने से विदेश यात्रा की इच्छा रखने वाले हजारों लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।



स्थानीय नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही यह मांग अब एक बड़ी जनसमस्या का रूप ले चुकी है, जिस पर प्रशासन से जल्द सकारात्मक कदम उठाने की उम्मीद है।

जिला मुख्यालय में पासपोर्ट संबंधी सुविधा उपलब्ध न होने के कारण आवेदकों को दस्तावेज जमा करने और सत्यापन जैसे कार्यों के लिए करीब 60 किलोमीटर दूर स्थित रायपुर के पासपोर्ट सेवा केंद्र तक जाना पड़ता है। नागरिकों का कहना है कि ऑनलाइन अपॉइंटमेंट मिलने के बावजूद, रायपुर पहुंचने और वापस आने में उन्हें पूरा एक दिन खर्च करना पड़ता है। एक दिन की पूरी छुट्टी लेनी पड़ती है, जो छात्रों एवं नौकरी करने वाले लोगो के लिए बड़ा नुकसान है। बस या ट्रेन के किराए के साथ-साथ भोजन और अन्य आकस्मिक खर्चों के कारण अतिरिक्त आर्थिक भार उठाना पड़ता है।

स्थानीय नागरिकों की मांग है कि जिला मुख्यालय में शीघ्र पासपोर्ट सेवा केंद्र या पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र की स्थापना की जाए। इस केंद्र की स्थापना से न केवल आवेदकों के समय और धन की बचत होगी, बल्कि पासपोर्ट आवेदन और सत्यापन की पूरी प्रक्रिया भी तेज और सरल हो जाएगी। साथ ही, यह सुविधा बुजुर्गों और दिव्यांगों को राजधानी तक दौड़ लगाने की मजबूरी से भी राहत देगी।

### दूरस्थ क्षेत्रों को अधिक कठिनाई

सरायपाली, बसना और अन्य दूरस्थ इलाकों के निवासियों के लिए रायपुर तक की दूरी तय करना और पूरा दिन व्यतीत करना बेहद दुष्कर महसूस होता है। स्थानीय निवासी निकित साहू ने बताते हुए कहा, एक पासपोर्ट बनवाने के लिए हमें कई बार रायपुर के चक्कर लगाने पड़ते हैं। हर बार आने-जाने में 500 से 1000 रुपए तक खर्च हो जाते हैं । यदि केंद्र जिला मुख्यालय में खुल जाए तो खर्च,समय एवं परेशानी से बचत हो जाएगी।

### युवाओं और नौकरीपेशा के लिए बड़ी चुनौती

पासपोर्ट की आवश्यकता मुख्य रूप से छात्रों, नौकरीपेशा युवाओं और विदेश जाने वाले श्रमिकों को होती है। इन सभी वर्गों के लिए समय और पैसे की बचत अत्यंत महत्वपूर्ण है। उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने वाले छात्रों को अपने अकादमिक कार्यों से ब्रेक लेकर रायपुर जाना पड़ता है, जिससे उनकी पढ़ाई बाधित होती है। जिले में हर साल सैकड़ो नए आवेदन आते हैं, जो स्थानीय स्तर पर सुविधा की तात्कालिक आवश्यकता को दर्शाते हैं।

### प्रशासनिक प्रस्ताव और केंद्र की अटकी हुई स्वीकृति

जिला मुख्यालय में पासपोर्ट सेवा केंद्र की स्थापना के संबंध में जिला प्रशासन द्वारा कई बार प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजे गए हैं, लेकिन अब तक इसकी औपचारिक स्वीकृति नहीं मिल पाई है। यह केंद्र सभी लोकसभा क्षेत्रों में केंद्र खोलने की योजना का हिस्सा है, लेकिन प्रक्रिया की गति धीमी होने से नागरिकों को अभी भी इंतजार करना पड़ रहा है।

## धान के अवैध परिवहन एवं भंडारण पर प्रशासन की कार्रवाई जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- पिथौरा तहसील में 50 क्विंटल धान एवं एक वाहन जब्त

जिले में जारी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के बीच कलेक्टर विनय लंगेह के मार्गदर्शन में धान के अवैध आवक, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने के लिए संयुक्त टीम एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा सतत निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पिथौरा तहसील में एसडीएम बजरंग वर्मा के नेतृत्व में राजस्व एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के दौरान अरुण अग्रवाल निवासी मुढ़ीपार से धान 75 पैकेट, मात्रा लगभग 30 क्विंटल अवैध परिवहन करते पाया गया। इसी तरह भोजराम पटेल, निवासी मुढ़ीपार द्वारा धान 50 पैकेट, मात्रा लगभग 20 क्विंटल का अवैध भंडारण पाया गया। जिसे जब्त किया गया। इसके साथ ही वाहन मेटाडोर को भी जब्त कर थाना पिथौरा में सुपूर्द किया गया है। प्रशासन ने कहा है कि जिले में धान की अवैध खरीदी-बिक्री, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने के लिए आगे भी सघन कार्रवाई जारी रहेगी। किसानों के हितों की रक्षा हेतु आवश्यक कदम निरंतर उठाए जा रहे हैं।

## महिला प्रधान पाठक के बेटे के साथ गाली गलौज, जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम खुसरूपाली में एक युवक के साथ गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले में तेंदूकोना थाने में तीन आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

पुलिस को खुसरूपाली निवासी व प्राथमिक शाला बुंदेली में प्रधान पाठक लता ठाकुर पति पुरुषोत्तम लाल ठाकुर ने बताया कि वह अपने पति पुरूषोत्तुम ठाकुर व बेटे डायमंड ठाकुर के साथ रहती है। उसके पति भी व्योख्यावता के पद पर हाई स्कूनल बेलडीह में पदस्थठ हैं। वहीं बेटा डायमंड ठाकुर घर पर अकेले रहता है। पढ़ाई करते हुए खेती बाड़ी का भी काम देखता है। उसके बेटे ने कुछ दिन पहले बताया था कि ट्रैक्टर की ट्राली को ले जाने के नाम पर गांव के हेमराज ठाकुर के साथ उसका विवाद हुआ था।

प्रार्थिया ने बताया कि 21 नवंबर की शाम 5 बजे वह और उसके पति स्कूहल से वापस आए। शाम करीबन 6 बजे गांव के पारसमणी ठाकुर, टेमेंद्र ठाकुर और हेमराज ठाकुर उसके घर पर आकर बेटे डायमंड को पूछने लगे। तब उसने कहा कि क्या, हुआ बैठकर बात करते हैं। इस पर पारसमणी अत्यपधिक आवेश में आकर उसके बेटे के साथ गाली गलौज करने लगा और कहा कि तुम मेरे बेटे हेमराज को क्योंप मारे हो, शर्ट को क्यों फाड़े हो। साथ ही उसने मेरे बेटे को जान से मारने की धमकी भी देने लगा। जब वह बीच बचाव करने आयी तो मुझे भी पकड़कर धक्काल दे दिया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# ठंड की मार से सब्जियों के दाम आसमान पर बिगड़ा घरेलू बजट, लोगों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर में अचानक बढ़ी ठंड ने लोगों को गर्म कपड़ों की जरूरत महसूस कराई है एवं रसोई की थाली पर भी सीधा असर डाला है। जहां एक ओर मौसम सुहावना हुआ है, वहीं दूसरी ओर सब्जियों के दामों में आए उछाल ने नगर एवं क्षेत्र के लोगों का घरेलू बजट बिगाड़ दिया है। गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए हरी सब्जियों को अपनी रोजमर्रा की खुराक में शामिल करना अब एक बड़ी चुनौती बन गया है, जिससे उनकी पोषण सुरक्षा पर भी संकट गहरा रहा है। बीते दिनों में नगर की स्थानीय सब्जी मंडियों और साप्ताहिक बाजारों में सब्जियों की कीमतें लगभग 30 से 60 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। सबसे अधिक उछाल उन सब्जियों में आया है जिनकी खपत ठंड के मौसम में आमतौर पर बढ़ जाती है। जो टमाटर कुछ सप्ताह पहले 20 रुपये प्रति किलो बिक रहा था, वह अब 50 से 60 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया है। ठंड में गोभी की मांग बढ़ती है, लेकिन इसकी कीमत 20 से 30 रुपये से बढ़कर 80 एवं 40 रुपये प्रति किलो हो गई है। बैंगन, भिंडी, और यहां तक कि आलू-प्याज में भी बढ़ोतरी हुए है।

### शीत लहर और आपूर्ति श्रृंखला में बाधा मुख्य कारण

सब्जियों के दाम में इस बढ़ोतरी के पीछे मुख्य रूप से शीत लहर और इससे प्रभावित हुई फसलों की आवक को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। स्थानीय सब्जी विक्रेता निखिल पटेल ने बताया है कि नगर और आसपास के क्षेत्रों में अचानक न्यूनतम तापमान में आई भारी गिरावट ने कई सब्जियों, विशेषकर टमाटर, मिर्च और पत्तेदार फसलों को नुकसान पहुंचाया है। पाला पड़ने से खेत में ही फसलें खराब हो गईं या उनकी गुणवत्ता गिर गई। दूसरा बड़ा कारण आपूर्ति श्रृंखला में आई बाधा है। ठंड के कारण अन्य राज्यों या दूर-दराज के जिलों से सब्जियों का परिवहन धीमा हो गया है।

### छोटे विक्रेताओं पर भी दोहरी मार

केवल उपभोक्ता ही नहीं, बल्कि छोटे खुदरा सब्जी विक्रेता भी इस महंगाई से परेशान हैं। एक सब्जी विक्रेता रमेश ने बताया, हमें थोक मंडी से ही सब्जी बहुत ऊंचे दाम पर मिल रही है। ऊपर से ठंड के कारण सब्जी जल्दी खराब भी हो रहे है। यदि हम दाम कम करते हैं, तो नुकसान उठाना पड़ता है, और यदि ज्यादा रखते हैं, तो ग्राहक नहीं खरीदता। हमारी बिक्री 50 प्रतिशत तक कम हो गई है। डर लगा रहता है कि जो सब्जी सुबह खरीदा है, शाम तक बिकेगा भी या नहीं।

### बिगड़ा घरेलू बजट, अब थाली में कम हो गए हैं विकल्प

सबसे ज्यादा प्रभावित मध्यम और निम्न आय वर्ग के परिवार हुए हैं। सब्जियों पर होने वाला खर्च उनके मासिक राशन बजट का एक बड़ा हिस्सा बन गया है। जहां पहले लोग हर दिन चार-पांच तरह की सब्जियां खरीदते थे, अब उन्हें केवल एक या दो मुख्य सब्जियां ही खरीदनी पड़ रही हैं, वह भी कम मात्रा में। नगर के निवासी निर्मला साहू ने बताया है कि पहले 100 रुपये में दो दिन की सब्जी आराम से आ जाती थी, लेकिन अब 100 रुपये में तो सिर्फ एक दिन की सब्जी भी मुश्किल से मिल रही है।

### गांजा तस्करी के 3 आरोपियों को 15-15 साल का सश्रम कारावास

**सरायपाली।** सिंघोड़ा थाना द्वारा पूर्व में गांजा तस्करों के खिलाफ किए गए कार्यवाही पर न्यायालय द्वारा 210 किलो गांजा तस्करी के आरोपियों को 15-15 वर्षों का सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही दो-दो लाख रुपए के जुर्माने से दंडित किया गया। विशेष लोक अभियोजक से मिली जानकारी के अनुसार विशेष न्यायाधीश बंदना दीपक देवागंन के न्यायालय में थाना सिंघोड़ के अपराध क्रमांक 48/2020 धारा 20 रख, नारकोटिक एक्ट के प्रकरण में आरोपियों राजेन्द्र शर्मा पिता जगदीश शर्मा निवासी रामकृष्ण नगर बरमपुर जिला गंजान (ओडिशा), विकास मीणा पिता सरदार मीणा निवासी मकसीगाना साजापुर (मप्र) एवं प्रमोद शर्मा पिता रघुनंदन शर्मा निवासी दुर्गा कॉलोनी अंगपात थाना चिमनगंज उज्जैन (मप्र) के संयुक्त कब्जे से जब्त 210 किलो गांजा का अवैध परिवहन के आरोप में दोषी पाते हुए सभी आरोपियों को 15-15 वर्ष का सश्रम कारावास एवं दो-दो लाख रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया, अर्थदण्ड भुगतान न करने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास से दण्डित किया गए।

## कंटेनर की टक्कर से ब्रेड विक्रेता की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- पिथौरा तहसील में 50 क्विंटल धान एवं एक वाहन जब्त

शनिवार को ग्राम बिटांगीपाली स्थित ढाबा के पास एक कंटेनर की टक्कर से ब्रेड विक्रेता की मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर बसना थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को सुबेलाल चौहान निवासी ग्राम बरतियाभांठा थाना सरायपाली ने बताया कि उसका बड़ा भाई चंदर सिंह चौहान आसपास के गांव में घूम-घूम कर डबलरोटी (ब्रेड) बेचने का काम करता है। 22 नवंबर की सुबह करीबन 9 बजे अपनी बाइक हीरो होंडा क्रमांक सीजी 04 जेडके 2805 से डबलरोटी (ब्रेड) बेचने के लिये निकला था। वह करीबन 11.30 बजे एनएच 53 रोड में बसना से सरायपाली की ओर आ रहा था, तभी सत्कार ढाबा के सामने ग्राम बिटांगीपाली के पास रायपुर की ओर से आ रहे कंटेनर वाहन क्रमांक आरजे 07 जीडी 7189 के चालक ने अपने वाहन को उपेक्षापूर्ण एवं लापरवाही पूर्वक तथा खतरनाक ढंग से चलाते हुए उसके भाई की बाइक को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसका भाई चंदर सिंह चौहान बाइक सहित अनियंत्रित होकर रोड में गिर गया व कंटेनर वाहन के पीछे चक्के के नीचे दब गया और उसकी मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 मोटर व्हीकल एक्ट, 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

## विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अच्छे प्रर्दशन के लिए जताई शुभेच्छा

# बॉल बैडमिंटन स्पर्धा में महासमुंद के 20 खिलाड़ी शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



छत्तीसगढ़ राज्य बॉल बैडमिंटन संघ एवं जिला बॉल बैडमिंटन संघ बलौदाबाजार के तत्वावधान में 25वीं राज्य स्तरीय जूनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता (बालक एवं बालिका) का आयोजन दशहरा मैदान पलारी बलौदाबाजार में 21 से 23 नवम्बर 2025 तक आयोजित है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से छत्तीसगढ़ जूनियर टीम का चयन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी 70वीं जूनियर राष्ट्रीय बाल बैड्मिंटन प्रतियोगिता तमिलनाडू में 16 से 20 जनवरी 2026 तक प्रतियोगिता में शामिल होंगे। जिले की बालक एवं बालिका टीम के रवाना होने से पहले स्थानीय मिनी स्टेडियम महासमुंद में खिलाडियों से मुलाकात कर अच्छे प्रदर्शन करने एवं प्रथम स्थान जीतकर लाने के लिए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, जिलाध्यक्ष भारत स्काउट एंड गाइड येतराम साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पारस चोपड़ा, राशि महिलांग, भाऊ राम साहू, मुन्ना देवार, आनंद साहू, राहुल चंद्राकर, प्रशांत श्रीवास्तव, तन्मय लूनिया, विजय कुमार लहरे जिला शिक्षा अधिकारी, खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, अंजली बरमाल, नंद कुमार सिंहा, पूजा शर्मा प्राचार्य रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल, डा. शबाब कुरैशी, डा. सेवन दास मानिकपुरी, ईश्वर चंद्राकर ने हर्ष जताया।

**खबर संक्षेप**



### आरएसएस की यात्रा पुस्तिका एवं पत्रक का घर-घर वितरण

**महासमुंद।** राष्ट्रीय स्वयं संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर गृह संपर्क अभियान के तहत शहीद सरदार भगत सिंह बस्ती के वार्ड नं. 14 एवं 19 में डोर टू डोर भारत माता की फोटो, संघ यात्रा की पुस्तिका एवं पत्रक को दिया गया। इस अभियान में नगर पालिका उपाध्यक्ष एवं स्वयंसेवक देवीचंद राठी, जय तंबोली, नारायण चौहान, संस्कार तंबोली आदि घर-घर पहुंचे। नागरिकों द्वारा संघ के बारे में कही गई प्रेरक बातों को रजिस्टर में अंकित किए। राठी ने बताया कि नागरिकों में संघ के सम्बन्ध में अभूतपूर्व उत्साह दिखा।

# धान खरीदी से पहले किसानों की बढ़ी चिंता रकबा शून्य और कटौती की है शिकायत

## अधिकारियों के चक्कर काटने किसानों की मजबूरी, 25 नवम्बर तक पंजीयन-संशोधन की अंतिम तारीख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 की धान खरीदी प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही किसानों की परेशानी बढ़ गई है। एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन, रकबा शून्य दर्ज होने, रकबा कटौती जैसी तकनीकी त्रुटियों ने किसानों को चिंतित कर दिया है। स्थिति यह है कि किसान अपनी समस्याओं के समाधान के लिए स्थानीय समिति से लेकर तहसील कार्यालय तक चक्कर काटने बारनवापारा के कृषक मजबूर हैं।





सरकार ने किसान पंजीयन एवं रकबा संशोधन की अवधि 25 नवंबर तक बढ़ा दी है। समस्या समाधान हेतु टोल-फ्री नंबर 1800-233-1030 और 1800-233-3663 भी जारी किए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद शिकायतों का सिलसिला लगातार जारी है।

### प्रशासन ने कहाः एग्रीस्टेक पोर्टल चालू समाधान की प्रक्रिया जारी

नायब तहसीलदार सोनाखान ईश्वर प्रसाद कैवर्त ने कहा कि एग्रीस्टेक पोर्टल शुरू हो गया है और 25 नवम्बर तक पंजीयन व संशोधन का कार्य जारी रहेगा। उन्होंने किसानों की समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए जल्द निराकरण का भरोसा दिया।

### बार प्राथमिक समिति में सैकड़ों किसानों का रकबा शून्य

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बार 197 के अनुसार पंजीकृत 2796 किसानों में बड़ी संख्या में खामियां सामने आई हैं। कई किसानों का रकबा शून्य दर्ज हो गया है, जबकि कई किसानों के रकबे में कटौती की शिकायतें हैं। प्रभावित किसान शिकायतों के निराकरण के लिए सोनाखान तहसील कार्यालय पहुंचे, जहां शुक्रवार को दर्जनों किसानों ने तहसीलदार को लिखित आवेदन सौंपे। रिकोकला समिति के छतवन गांव से आए किसान सुदर्शन सिंह ने बताया कि उनके एवं उनके पिता जनकराम के छोड़े हुए रकबे को संशोधित कराने पहुँचे हैं।

### समिति प्रबंधन का दावा सूची तहसीलदार को भेजी गई

प्रधान समिति बार के प्रबंधक अरुण दीवान ने बताया कि जिन किसानों का रकबा शून्य या कम दिख रहा है, उनकी सूची तैयार कर तहसीलदार सोनाखान को मेल के माध्यम से भेज दी गई है। इसकी प्रतिलिपि जिला नोडल अधिकारी एवं जिला सहकारी बैंक प्रबंधक को भी भेजी गई है। समिति के अध्यक्ष टिकेश्वर ठाकुर ने कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास जारी हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन एवं सूची को वे स्वयं तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत कर शीघ्र निराकरण का निवेदन करने जा रहे हैं।

### राजनीतिक संगठनों ने भी उठाई आवाज

कांग्रेस युवा नेता अमरध्वज यादव ने कहा कि इस बार किसानों के सामने जिस तरह की समस्याएं खड़ी हुई हैं, ऐसा पहले कभी नहीं देखा गया। किसान धान बेचने के लिए कठिन मेहनत कर रहे हैं, लेकिन रकबा कटौती और शून्य रकबा जैसी त्रुटियों ने उनके लिए अतिरिक्त मुसीबतें खड़ी कर दी हैं। बहुजन समाज पार्टी बार सेक्टर अध्यक्ष गौतम पारेश्वर ने एग्रीस्टेक पोर्टल की विसंगतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि रकबा कमी, शून्य रकबा और वारिसान धान पंजीयन विकल्प के अभाव से किसान त्रस्त हैं। उन्होंने कहा कि क्या यह अव्यवस्था गरीब-मजदूर किसानों के हित में है? किसान अपनी समस्याओं के समाधान के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं।



### अविरल सितली, निर्मल सितली अभियान विधायक ने की 10 लाख देने की घोषणा

**महासमुंद।** स्वाध्याय केंद्र समिति के सदस्यों ने स्थानीय विधायक राजू योगेश्वर सिन्हा और पूर्व नपाध्यक्ष पवन पटेल से सौजन्य भेंट की और अभियान के संबंध में विस्तृत चर्चा की। अविरल सितली निर्मल सितली अभियान को एक बड़ी गति प्रदान करते हुए विधायक सिन्हा ने इस पुनीत कार्य के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। यह राशि अभियान के तहत सामुदायिक भवन और अन्य भवन निर्माण के कार्यों में उपयोग की जाएगी। विधायक सिन्हा ने समिति को यह भी आश्वासन दिया कि वे परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए शासन स्तर से भी पूरा सहयोग दिलाएंगे तथा कार्य पूर्ण कराने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने क्षेत्रवासियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से भी इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर सहयोग करने का आह्वान किया। विधायक से भेंट के बाद, समिति के सदस्यों ने महासमुंद के पूर्व नपाध्यक्ष और वर्तमान पार्षद वार्ड नं. 24 पवन पटेल से मुलाकात की। पार्षद पटेल ने भी इस अभियान की सराहना करते हुए अपने पार्षद निधि से 2 लाख रुपए के सहयोग की घोषणा की। भेंट के दौरान प्रमुख रूप से पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पाणिग्रही, सचिव मोहन साहू, कोषाध्यक्ष गोवर्धन प्रधान और नारद डड़सेना शामिल थे।



### जनजातीय गौरव दिवस पर व्याख्यान तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की हुई प्रस्तुति

**महासमुंद।** शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में जातीय गौरव दिवस पर जनजाति समाज का गौरवशाली इतिहास विषय पर एक अत्यंत प्रेरणादायक व्याख्यान तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती जनजातीय गौरव महोत्सव का हिस्सा था। मुख्य वक्ता वंदना सेन ने अपने सारगर्भित व्याख्यान में बिरसा मुंडा के जीवन संघर्ष को केंद्र में रखते हुए आदिवासी समाज के अन्य महान स्वतंत्रता सेनानियों एवं क्रांतिवीरों का विस्तृत उल्लेख किया। विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत मचेवा सरपंच प्रमिला ध्रुव, राधेश्याम सोनी, दिव्या सोनी, प्रांशु चंद्राकर सरपंच ग्राम पंचायत खैरा, हर्ष पटेल ने छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया। प्रश्नोत्तरी, रंगोली, महापुरुषों पर पोस्टर प्रतियोगिता तथा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। विजेता छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।




### देवरी स्कूल प्रांगण की गई साफ-सफाई

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में प्राचार्य डोमन सिंह टंडन के मार्गदर्शन में रेडक्रॉस के जूनियर्स स्वयं सेवकों द्वारा समस्त छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय परिसर की साफ सफ़ाई कर कचरे को नष्ट किया गया। रेडक्रॉस के जूनियर्स पुष्पा जांगड़े, ट्विंकल महिलांग, मंदाकिनी वास, किरण सेन आदि के मार्गदर्शन में इस कार्य पश्चात विद्यालय में प्रार्थना सभा हुई। बाल कैबिनेट के समस्त पदाधिकारी और समस्त स्टॉफ के मध्य आवश्यक बैठक रख कर विद्यालयीन क्रियाकलाप में छात्रसंघ की सहभागिता के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया। बैठक के दौरान प्राचार्य डोमन सिंह टंडन ने कहा कि समस्त पदाधिकारी अनुशासित रहकर दूसरों को भी अनुशासन में रखने की कोशिश करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के व्याख्यातागण संजय बारसागढ़े, आनंद राम व्यौहार, नीलू सोनी, रवि प्रकाश पात्रे, बीएल टंडन, भोज राम ध्रुव, आशीष कुमार दीवान, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, देवानंद चंद्राकर, मौसमी चंद्राकर, व्यावसायिक शिक्षक लीलाधर वर्मा, पुष्कर वर्मा, कार्यालयीन कर्मचारी रईस मिर्जा, शाला नायक पूजा साहू, उप शाला नायक धनेश्वरी सेन, नीरज बंजारे, दयासागर, आयुषी साहू, भूमिका साहू, मोहित सेन, केयूर भूषण धृतलहरे, भारत भूषण सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# खरीदी की तारीख 15 दिन बढ़ाने की मांग : अंकित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि आज जब सहकारी समिति के कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त हो चुकी है और खरीदी आज से प्रारंभ हो जाना था। इसके बावजूद अधिकतर केंद्रों में खरीदी अब सोमवार से ही सुचारु रूप से प्रारंभ होगी। इस प्रकार 15 नवंबर से अगर जोड़ें तो 8 दिनों से खरीदी शुरू नहीं हो पाई है। इसी मामले को लेकर अंकित ने किसानों के साथ साल्हेभांटा और कसेकेरा के धान खरीदी केंद्रों में किसानों की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें पहला मुख्य रूप से धान खरीदी की तारीख 15 दिन बढ़ाया जाय, धान खरीदी की मात्रा प्रत्येक केंद्रों में 40 किलो 600 ग्राम सुनिश्चित किया जाय, समस्त समिति में बचे किसान जिनका रकबा संशोधन का काम चालू है और पंजीयन किसी कारण से नहीं हो पाया है उसे तत्काल किया जाए, अपने वादे अनुसार किसान को प्रति क्विंटल 3100 रुपए उसके ग्राम पहुंचाकर दिया जाए, साल्हेभांटा के किसानों का डाटा तेंदुकोना साल्हेभांटा से मिल गया है उसे तत्काल सुधारा जाए। साथ ही अंकित ने बताया कि कसेकेरा समिति के 154 किसान व साल्हेभांटा में कुल 122 किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया है, ऊपर से रकबा सुधार में जो समस्या है व जस की तस है। जिसके चलते किसानों में धान खरीदी में खामियों को लेकर किसानों में भारी आक्रोश है। अंकित ने बताया कि अभी तो वे मात्र दो धान खरीद केंद्र का मुआयना किए हैं तो ये हाल है आगे क्या होगा ये भगवान ही जानता है। अंकित ने कहा कि प्रशासन आगामी सोमवार से खरीदी केंद्र की व्यवस्था चुस्त नहीं करता है और किसानों की समस्या का निराकरण समय में नहीं होता है तो अंकित किसानों के साथ मिलकर आंदोलन रत भी हो सकते हैं। ज्ञापन देने वालों में प्रीतम साहू, रामलाल नायक, राजेंद्र शर्मा, डिगेश्वर देवांगन, युवक साहू, हेमलाल नायक, केशव राम, राजू सिंह ठाकुर, नंद कुमार,अक्तूराम, लुकेश साहू, नरोत्तम लाल साहू, खोलबहरा साहू, यवन लाल, रेखलाल देवांगन, कृष्ण कुमार, छबिलाल ठाकुर, राजेंद्र, माखन लाल, डायालाल, पोखन, ओमप्रकाश, डुमन साहू, अमित कुमार निषाद, हीरा सिंह, भीखम पटेल, माखन, हेमंत, परवीन कुमार, महेश साहू, तेजू यादव, नरेंद्र, शिवानंद, महेंद्र, संतराम आदि उपस्थित थे।

# केवि में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पीएमश्री केवि महासमुंद में वार्षिक खेल दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला खेल अधिकारी अंजलि बरमाल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत प्राचार्य संजय कंसल द्वारा पौधा भेंट कर एवं स्वागत भाषण द्वारा किया गया तथा प्राचार्य का स्वागत खेल शिक्षक सोहनलाल साहू द्वारा किया गया। स्वागत की कड़ी में संगीत शिक्षक प्रभात देवांगन एवं स्वाति व प्राकृति श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें बच्चों द्वारा गीत -संगीत, मराठी नृत्य एवं आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। वार्षिक खेल दिवस में मुख्य अतिथि द्वारा मशाल प्रज्ज्वलित कर एवं केविसं का ध्वजारोहण कर सभी राष्ट्रीय खिलाड़ियों के हाथों मशाल को खेल भावना और एकता का संदेश देते हुए आगे बढ़ाया गया तथा एसजीएफआई खिलाड़ी नैतिक पचौरी द्वारा सभी को बिना भेदभाव के खेल भावना बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। साथ ही मुख्य अतिथि प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा सभी सदनों द्वारा अपने अपने सदन के ध्वज के साथ की गई परेड का निरीक्षण किया।

खेल शिक्षक सोहन लाल साहू द्वारा विद्यालय की खेल में उपलब्धियों का विवरण देते हुए मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। जिसमें हैंडबाल अंडर-17 में बालकों में गोविंद सेन, लक्ष्य विश्वास, इलेश अनंत, योग्य चंद्राकर, नवीन पटेल, मयंक आवड़े, नमन साहू को सिल्वर मेडल प्राप्त हुए। एथलेटिक्स हाई जंप अंडर-17 बालिकाओं में अलीशा पंकज को ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त हुआ। एथेलेटिक पोल वाल्ट अंडर 17 बालक में नैतिक पचौरी को सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ। जिनमें से लक्ष्य विश्वास एवं नैतिक पचौरी को एसजीएफआई में खेलने हेतु चयनित किया गया है। पुरस्कार वितरण के क्रम में अन्य प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा वार्षिक खेल दिवस पर आयोजित विभिन्न खेलों का निरीक्षण कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया। मुख्य अतिथि के संबोधन में बच्चों को खेल भावना और खेल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखने का संदेश दिया। प्राचार्य द्वारा मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। मंच संचालन जेके चंद्राकर एवं दशरथ राम यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सब-जूनियर नेशनल तीरंदाजी चैंपियनशिप ईटानगर अरुणाचल प्रदेश के लिए छत्तीसगढ़ की टीम रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय तीरंदाजी संघ द्वारा 42वीं एनटीपीसी सब-जूनियर (बालक एवं बालिका) नेशनल तीरंदाजी चैंपियनशिप का आयोजन 22 से 30 नवंबर 2025 तक ईटानगर अरुणाचल प्रदेश में आयोजित किया गया है। बॉल आश्रम बिहाझर बागबाहरा एवं खेलों इंडिया तीरंदाजी सेंटर भोरिंग से प्रशिक्षण प्राप्त खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में जगह बनाने में कामयाब हुए हैं। चयनित खिलाड़ियों में तोरण यादव पिता नेतराम यादव, चांदनी साहू पिता बलदेव साहू, जया साहू पिता सोमनाथ साहू, डोमेश्वरी साहू पिता लिखन साहू, देविका साहू पिता टीकम साहू, नवलीन कौर पिता अरविंद छाबड़ा राष्ट्रीय चैंपियनशिप ईटानगर में इंडियन राउंड, कंपाउंड राउंड एवं



रिकर्व राउंड में शामिल होंगे। जिले के बागबाहरा एवं खेलो इंडिया आर्चरी ट्रेनिंग सेंटर खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद के खिलाड़ी नेशनल में मेडल जीतने की उम्मीद से जिले से रवाना हुए, जिसमें जया साहू पिता सोमनाथ साहू एवं डोमेश्वरी साहू पिता लिखन साहू छत्तीसगढ़ राज्य की टीम में शामिल हैं। चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ी आधुनिक धनुष से छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे इससे पहले खिलाड़ी इंडियन राउंड के राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शामिल हो चुके हैं। राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में खिलाड़ियों के चयन होने एवं अच्छे प्रदर्शन करने के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, भारतीय तीरंदाजी संघ उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका, छग प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन सचिव आयुष मुरारका, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज कुमार घृतलहरे, प्राचार्य एकलव्य भोरिंग महेंद्र टंडन, छात्रावास अधीक्षक डॉ. पूर्णेंद्र चंद्राकर, जिला तीरंदाजी संघ बागबाहरा के अध्यक्ष डॉ. विकास अग्रवाल, सचिव एवन कुमार साहू, कोषाध्यक्ष अरविंद छाबड़ा, रंजीत कौर, सोमनाथ साहू, प्राचार्य सेजेस बागबाहरा हीरा सिंह नायक, व्यायाम शिक्षक ऋषि कपूर साहू आदि ने हर्ष जताया है।

# नशामुक्त भारत अभियान के तहत महाविद्यालय में हुआ शपथ ग्रहण

**महासमुंद।** जिले के एकमात्र अंग्रेजी माध्यम कॉलेज स्वामी आत्मानंद शासकीय आदर्श महाविद्यालय में संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल के मार्गदर्शन में भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के 5वीं वर्षगांठ के रूप में नशामुक्ति के लिए शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्रांगण में नशामुक्ति के उद्देश्य और उसके सामाजिक प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए हुई। इसके पश्चात सभी उपस्थित लोगों ने नशा से दूर रहने तथा समाज को नशा मुक्त बनाने की दिशा में कार्य करने की शपथ ली। प्राचार्य डॉ. अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार और समाज को भी तोड़ता है। युवाओं को इसके विरुद्ध एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में जागरूकता लाना था। ताकि, वे स्वयं भी नशा मुक्त रहें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। महाविद्यालय परिवार ने इस प्रयास को एक सामाजिक दायित्व मानते हुए सफलतापूर्वक किया। इस दौरान शपथ ग्रहण कराने का कार्य स्वयं संस्था प्रमुख डॉ. अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक प्रतिमा चंद्राकार हिन्दी, रवि देवांगन, तरुण कुमार बांधे, हरिशंकर नाथ, आलोक हिरवानी, चित्रेश बरेठ, माधुरी दीवान, खुशबू सिन्हा, जगतारण बघेल आदि मौजूद रहे।

### संकुल समन्वयकों को शालाओं में दर्ज शत-प्रतिशत बच्चों का अपार आईडी बनाने दिए गए निर्देश

**महासमुंद।** विकासखंड सरायपाली के समस्त संकुल समन्वयकों का विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा रेखराज शर्मा के द्वारा विकासखंड स्रोत केंद्र समन्वयक कार्यालय सरायपाली में किया गया। उक्त बैठक में शिक्षा विभाग के समस्त बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निर्धारित 19 बिंदुओं एवं 14 बिंदुओं पर शिक्षा सचिव कार्यालय से जारी पत्र पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर समीक्षा किया गया एवं जिला मिशन समन्वयक द्वारा संकुल समन्वयकों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए यह बताया गया कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र में जब वार्षिक परीक्षा का आयोजन कर बच्चों का अंतिम परीक्षा परिणाम घोषित किया जाएगा तो उक्त परीक्षाफल में कक्षा पहली से चौथी एवं कक्षा छठवीं से सातवीं के लिए त्रैमासिक परीक्षा का 20 प्रतिशत का अधिभार एवं अर्धवार्षिक परीक्षा का 20 प्रतिशत का अधिभार तथा वार्षिक परीक्षा का 60 प्रतिशत का अधिभार निश्चित होगा। वहीं 5वीं व 8वीं बोर्ड परीक्षा में अर्धवार्षिक परीक्षा का 20 प्रतिशत तथा वार्षिक परीक्षा परिणाम का 80 प्रतिशत का अधिभार निश्चित होगा। बैठक में संकुल समन्वयकों को आगामी 31 दिसंबर 2025 तक शालाओं में दर्ज शत प्रतिशत बच्चों का अपार आईडी बनाने के लिए निर्देशित किया गया। वहीं जाति प्रमाण पत्र के लिए भी पात्र विद्यार्थियों का जाति प्रमाण पत्र के लिए फॉर्म संकलन कर संकुल आईडी पर अपलोड करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। विकासखंड स्रोत केंद्र समन्वयक देवानंद नायक द्वारा संकुल समन्वयकों को अपने संकुल अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्य की समीक्षा, अपार आईडी, शैक्षिक गुणवत्ता, दिव्यांग छात्रों के प्रशिक्षण तथा शिक्षकों के ऑनलाइन पंजीयन, उपस्थिति आदि पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

# विद्यार्थियों को गुड टच-बेड टच, पोषण आहार एवं स्वच्छता की गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर

- सुरक्षित पारा सुरक्षित लइकामन फेस 3.0 के तहत गांवों में किया गया सर्वे

महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूनिसेफ छग के संयुक्त तत्वावधान में सुरक्षित पारा सुरक्षित लइकामन फेस 3.0 के अंतर्गत कार्यक्रम संस्था प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन एवं डॉ मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो के निर्देशन में आयोजित है।

द्वितीय दिवस 22 नवंबर को पिथौरा ब्लॉक से चंद्रपाल डडसेना महाविद्यालय पिथौरा द्वारा ग्राम पंचायत लहरौद में स्वयंसेवकों द्वारा शेखर कानूनगो कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में बाल अधिकार, पोषण, सुरक्षा, शिक्षा पर लोगों को जागरूक किया। आंगनबाड़ी सर्वे में गर्भवती माताओं की संख्या 20 प्राप्त हुईं। ग्राम पंचायत अठारहगुड़ी में शाला त्यागी, बाल श्रमिक आदि की जानकारी, आंगनबाड़ी केंद्र में 06 गर्भवती महिलाओं की जानकारी प्राप्त हुई। समाज में शिक्षा का अधिकार एवं गुड टच बेड टच का नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों एवं बच्चों को जागरूक किया गया। महासमुंद ब्लॉक से शांत्रीबाई महाविद्यालय के रासेयो इकाई गायत्री चंद्राकर द्वारा ग्राम पंचायत कोसरंगी में सामाजिक सर्वेक्षण के तहत शाला त्यागी, बाल श्रमिक, विकलांग बच्चों एवं आंगनबाड़ी में गर्भवती महिलाओं की जानकारी प्राप्त मिली। ग्राम पंचायत भुरका में कार्यक्रम अधिकारी डॉ सरस्वती वर्मा के नेतृत्व में जागरुकता कार्य किया गया।



जिसमें स्वयंसेवकों द्वारा सर्वे में 01 शाला त्यागी बच्चे, बाल श्रमिक प्राप्त नहीं हुआ। साथ ही गर्भवती माताओं की संख्या 03 मिले एवं विकलांग 02 मिले। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार राजा एवं राजेश्वरी सोनी के नेतृत्व में स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम पंचायत भलेसर में दीवारों पर नारा लेखन, प्राप्त आंकड़े 30 विकलांग बच्चे एवं 25 गर्भवती महिलाओं की जानकारी ली। चुम्मन लाल निषाद के नेतृत्व में स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम नांदगांव में 08 विकलांग बच्चों की जानकारी ली। बच्चों को अधिकारों के बारे में जागरूक किया। डॉ मालती तिवारी एवं अजय कुमार राजा द्वारा सभी ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया गया। जहां त्रुटियां थी, उसे सुधारने के लिए दिशा निर्देश दिया गया। सभी ग्राम पंचायतों के आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण आहार, बाल अधिकार, बाल संरक्षण में आंगनबाड़ी के बच्चों को खेल के माध्यम से जागरूक किया। साथ ही शासकीय विद्यालयों में गुड टच बेड टच, बाल अपराध, बाल शोषण विषयों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर विद्यार्थियों को जागरूक किया। गांव में जागरुकता रैली, दीवारों पर नारा लेखन कर लोगों को बाल अधिकार के प्रति जागरूक किया। चौक चौराहों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। गांव में डोर टू डोर सर्वे किया गया। घर में स्वच्छता, शिक्षा, मुखिया का नाम, परिवार में शिक्षित अशिक्षित की जानकारी, टीकाकरण की जानकारी ली गई। 6 ग्राम पंचायतों में लगभग 3270 लोगों को जागरूक किया गया।

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH






## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"



पं. एस. के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान



## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567

## खबर संक्षेप



### सलिहाभांठा स्कूल में पालकों के सहयोग से लगे स्मार्ट टीवी

**महासमुंद।** प्राथमिक शाला सलिहाभांठा में स्मार्ट कक्षा की एक और कड़ी जुड़ गई। पालकों के सहयोग से शाला में एक स्मार्ट एंड्राइड टीवी और पेन ड्राइव खरीदा गया, जिसकी औपचारिक रूप से शुरुआत पालकों की उपस्थिति में किया गया। प्रधानपाठक योगेश निर्मलकर ने पालकों के सहयोग पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इससे तकनीक से शिक्षा में सहायता मिलेगी और बच्चे सक्रिय होकर सीखने में रुचि लेंगे। इस अवसर पर शाला के शिक्षक रामेश्वर ढीढी, एसएमसी से पिरीत राम साहू, पंचराम ध्रुव, टिकेश्वरी दीवान, बिसनी दीवान, हेमलता ध्रुव, दयालु ध्रुव, गुलाब ध्रुव, भोजराम साहू, तिलक साहू, उमेश सिन्हा, लिलेश्वर साहू, भुनेश्वर साहू, हरिश्चन्द्र ध्रुव, दल्लू राम यादव, समारू यादव, कृपाराम ध्रुव उपस्थित रहे।

### स्वाध्याय केंद्र में निःशुल्क योग शिविर का शुभारंभ आज

**महासमुंद।** नगर के पतंजलि योग समिति के सहयोग से स्वाध्याय केंद्र समिति द्वारा निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन 23 नवंबर रविवार को सुबह 7:30 बजे किया जाएगा और प्रतिदिन नियमित रूप से चलेगा। समिति ने बताया कि यह योग प्रशिक्षक तिलक साव के कुशल मार्गदर्शन में यह शिविर संचालित होगा। प्रतिदिन स्वाध्याय केंद्र सभागार में सुबह 06 बजे से 07:30 बजे तक चलेगा, जो पूर्णतः निःशुल्क है, जिसका लाभ कोई भी शहरवासी ले पाएगा। स्वाध्याय केंद्र समिति ने नगर के सभी निवासियों, विशेषकर मातृशक्ति, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों से निःशुल्क योग शिविर में शामिल होने का आग्रह किया है।

## निधन

### जिराबाई बंजारे



**बिरकोनी।** समीपस्थ ग्राम अछरीडीह नयापारा निवासी जिराबाई बंजारे (85) का देहांत 20 नवंबर गुरुवार को हो गया। अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि यात्रा में ग्रामीण सहित सामाजिकजन शामिल हुए। वे संजय बंजारे की मां व अजय बंजारे, आकाश बंजारे की दादी थीं।

### अमित चंद्राकर



**महासमुंद।** महावीर नगर रायपुर निवासी अमित चंद्राकर का 22 नवंबर शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया है। अंतिम संस्कार 23 नवंबर रविवार को गृहग्राम बरबसपुर में अपराह्न लगभग 11 बजे किया जाएगा। वे तारेन चंद्राकर के पुत्र, दिव्या चंद्राकर के पति, आकाश चंद्राकर, अंबर चंद्राकर के बड़े भाई एवं पलक व रुबल के पिता थे।

---

**स्मरण: धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस पर हुआ कार्यक्रम**

# साहस और संघर्ष की अद्भुत मिसाल है बिरसा का जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागबाहरा

शासकीय खेमचंद लक्ष्मीचंद कला, विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय बागबाहरा में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भीखम सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद, कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रश्मि मिंज ने की। मुख्य वक्ता के रूप में कुबेर यदु सामाजिक कार्यकर्ता एवं सदस्य, छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग उपस्थित रहे तथा सामाजिक कार्यकर्ता ओमप्रकाश ध्रुव एवं मंडल महामंत्री ताराचंद देवांगन उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सविता दीवान युवा पार्षद, नगर पालिका बागबाहरा तथा कार्यक्रम संयोजक प्राध्यापक बीरेंद्र सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा अर्थशास्त्र विभाग द्वारा सुसज्जित प्रदर्शनी के अवलोकन से हुआ। प्रदर्शनी में जनजातीय नायकों के जीवन, उनकी संस्कृति, स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी भूमिका तथा भगवान बिरसा मुंडा से संबंधित ऐतिहासिक एवं दुर्लभ छायाचित्र प्रदर्शित किए गए थे। अतिथियों ने अर्थशास्त्र विभाग के कल्याणी नाग अतिथि व्याख्याता के इस अभिनव प्रयास की सराहना करते हुए इसे ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी बताया। पश्चात जनजातीय महापुरुषों के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। अतिथियों का पुष्पगुच्छ और तिलक लगाकर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ. रश्मि मिंज ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष के ऐसे दिव्य नायक थे, जिन्होंने सामाजिक समरसता, आत्मसम्मान और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष की अमिट मिसाल पेश की। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज की संस्कृति, जीवन-पद्धति और प्रकृति के प्रति समर्पण हमें सतत विकास का सही मार्ग दिखाता है। मुख्य अतिथि भीखम सिंह ठाकुर ने भगवान बिरसा मुंडा की जीवन गाथा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन नेतृत्व, साहस और संघर्ष की अद्भुत मिसाल है। उन्होंने 'उलगुलान' के माध्यम से अंग्रेजी शासन के विरुद्ध जनक्रांति का ऐसा स्वर उठाया जिसने देशभर में स्वतंत्रता की चेतना को प्रज्वलित किया। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज के नायक सदैव आत्मसम्मान, स्वतंत्रता और न्याय के लिए संघर्षरत रहे हैं और आज की युवा पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए।

### भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी है तिलका मांझी: कुबेर

मुख्य वक्ता कुबेर यदु ने भारतीय संस्कृति में जनजातीय समाज के योगदान को उजागर करते हुए कहा कि जनजातीय नायकों ने न केवल भारतीय संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित रखा बल्कि स्वतंत्रता आंदोलन की प्रथम पंक्ति में खड़े होकर अंग्रेजों के विरुद्ध सबसे पहले आवाज उठाई। यदु ने अपने उद्बोधन में कई वीर जनजातीय नायकों के अप्रतिम योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने तिलका मांझी को भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम शहीद बताते हुए बताते हुए कहा कि 1784 में उन्होंने अंग्रेजों के अत्याचार के विरुद्ध विद्रोह का बिगुल फूंका और अपनी जान की बाज़ी लगाकर स्वाधीनता के लिए युवाओं को प्रेरित किया। धरती आबा बिरसा मुंडा के 'उलगुलान' की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा जनजातीय स्वाभिमान, जल-जंगल-जमीन की रक्षा और सामाजिक परिवर्तन के महानतम प्रतीक हैं। पूंजा भील जैसे मध्य भारत के वीरों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भील योद्धाओं ने अंग्रेजी सत्ता को चुनौती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और लगातार प्रतिरोध की चिंगारी को जलाए रखा। छत्तीसगढ़ के संदर्भ में उन्होंने विशेष रूप से सोनाखान के जमींदार शहीद वीर नारायण सिंह का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि 1857 के संग्राम में वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी के रूप में उभरे, जिन्होंने गरीबों को भोजन उपलब्ध कराने और अन्याय के विरुद्ध खड़े होने के कारण अंग्रेजों से संघर्ष किया और अंततः फांसी का वरण कर लिया। यदु ने कहा कि इन सभी जनजातीय नायकों का जीवन हमें बताता है कि राष्ट्र के सम्मान, संस्कृति और उसके हित में खड़ा होना ही सच्चा देशप्रेम है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे इन प्रेरणादायी नायकों के जीवन से सीख लेकर समाज और देश के विकास में अपनी भूमिका निभाएं। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक गजानंद बुडेक ने किया तथा अंत में आभार प्रदर्शन क्रीड़ाधिकारी पालन कुमार दीवान ने किया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत जनजातीय सांस्कृतिक नृत्य और गीतों ने कार्यक्रम में ऊर्जा और उत्साह का वातावरण बना दिया। इस प्रकार जनजातीय गौरव दिवस का यह आयोजन प्रेरणा, संस्कृति, इतिहास और राष्ट्रभक्ति की भावनाओं से परिपूर्ण होकर सफलतापूर्वक हुआ।

---

# कोल्दा में महिला-पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का खल्लारी विधायक ने किया शुभांरभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागबाहरा

जय बजरंग नवयुवक समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में कोल्दा में आयोजित महिला-पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने फीता काटकर शुभांरभ किया।

हर साल की तरह इस साल भी ग्राम ग्राम कोल्दा में महिला-पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव थे। ग्रामवासियों के आमंत्रण पर पहुंचे विधायक यादव का ग्रामीणों ने आत्मीय स्वागत किया। पूजा अर्चना कर कबड्डी प्रतियोगिता का शुभांरभ करते हुए मुख्य अतिथि यादव ने युवाओं से शिक्षा, खेलकूद और स्वील डेवलप्मेंट में ध्यान केंद्रित करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि हर साल होने वाले इस आयोजन के साथ ही यहां के युवाओं की भूमिका सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक व आध्यात्मिक गतिविधियों में सदैव अग्रणी रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल उन्नयन के रास्ते से ही हम बेहतर कल का निर्माण कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सरपंच अश्वनी ठाकुर, जगन्नाथ साहू, पदुम कुमार साहू, झम्मन साहू, ओमप्रकाश चक्रधारी, पोखन साहू, राजेश साहू, नितिन ठाकुर, दीनदयाल ठाकुर, कृष्णा ठाकुर, देवसिंह ठाकुर, ताम्रध्वज साहू, खोमन साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।



---

# मनमीत ने की नागरिकों से समय पर एसआईआर फॉर्म भरने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिथौरा

जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में सांसद प्रतिनिधि मनमीत सिंह छाबड़ा ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय पर अपना एसआईआर फॉर्म भरें और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने में अपना योगदान दें।



मनमीत सिंह छाबड़ा ने कहा कि एसआईआर केवल नाम जोड़ने या हटाने की प्रक्रिया भर नहीं है, बल्कि यह मतदाता सूची को अद्यतन, शुद्ध और त्रुटिरहित बनाने की अत्यंत महत्वपूर्ण कड़ी है। शुद्ध मतदाता सूची न सिर्फ चुनाव की पारदर्शिता बढ़ाती है, बल्कि लोकतंत्र की विश्वसनीयता को भी मजबूत बनाती है। उन्होंने बताया कि एसआईआर फॉर्म भरने के लिए आधार कार्ड एवं पासपोर्ट आकार का फोटो आवश्यक है। पात्र नागरिक बूथ स्तर के अधिकारी (बीएलओ) से संपर्क कर सकते हैं अथवा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भी अपनी विवरणी अपडेट कर सकते हैं। छाबड़ा ने कहा कि कई बार नागरिक समय पर फॉर्म नहीं भरते, जिसके कारण पात्र होने के बावजूद उनका नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ पाता। इस स्थिति से बचने के लिए इस वर्ष विशेष रूप से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक लोग एसआईआर प्रक्रिया का हिस्सा बन सकें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पूरी प्रक्रिया निःशुल्क और सरल है। मात्र कुछ मिनट निकालकर फॉर्म भरने से नागरिक अपने मतदान के मौलिक अधिकार को सुरक्षित कर सकते हैं। अंत में मनमीत सिंह छाबड़ा ने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया कि वे अपने परिवारजनों, पड़ोसियों और परिचितों को भी एसआईआर फॉर्म भरने के लिए प्रेरित करें, ताकि जिले की मतदाता सूची पूर्ण, सटीक और विश्वसनीय बन सके।

### मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण अर्हता के लिए निर्देश जारी

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य 04 नवंबर 2025 से शुरू हो चुका है। निर्वाचकों को गणना प्रपत्रों का वितरण लगभग पूरा हो गया है और वर्तमान में गणना प्रपत्रों के संग्रहण व डिजिटाइजेशन का कार्य प्रगति पर है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे कृपया ध्यान दें कि मृत व्यक्ति या ऐसे व्यक्ति के संबंध में गणना प्रपत्र जमा करना, जो अब भारतीय नागरिक नहीं रहा है या ऐसे निर्वाचक के मामले में जो जानता है कि उसका नाम निर्वाचक नामावली में एक से अधिक स्थानों पर मौजूद है और वह एक से अधिक स्थानों के संबंध

---

## हितेश का आबकारी उपनिरीक्षक के पद पर हुआ चयन



**बसना।** क्षेत्र के होनहार युवा गौरव हितेश कुमार भोई पिता ललित भोई, ग्राम सचिव के पद पर है, माता नीलाद्री भोई निवासी गनेकेरा ने अपनी लगन अनुशासन और सतत मेहनत के बल पर सीजीपीएससी सहित राज्य स्तरीय विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। हितेश कुमार भोई का आबकारी उप-निरीक्षक (एक्साइज सब इंस्पेक्टर) के पद पर चयन हुआ है, जहाँ उन्होंने 105वीं रैंक हासिल कर पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल परिवार, बल्कि पूरे बसना क्षेत्र को गर्व, उत्साह और नई ऊर्जा से भर दिया है। हितेश का संघर्ष और समर्पण आज की युवा पीढ़ी के लिए सशक्त प्रेरणा बनकर उभरा है। हितेश के चयन पर जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों तथा क्षेत्रवासियों ने हर्ष जताते हुए कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली युवाओं की सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक साबित होती है। हितेश ने यह दिखाया है कि निरंतर प्रयास और एकाग्रता से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

---

# हेमलाल तहसीलदार पद के लिए हुए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बसना

कड़ी संघर्ष, मेहनत और जिम्मेदारियों के बीच भी मंजिल हासिल की जा सकती है, इस बात को सच कर दिखाया है बसना क्षेत्र के ग्राम रेमड़ा निवासी हेमलाल सिदार ने। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग परीक्षा-2024 में उन्होंने 369वीं रैंक हासिल कर अपने परिवार और पूरे क्षेत्र को गर्व से ओतप्रोत कर दिया।

हेमलाल सिदार गरीब किसान परिवार से आते हैं। उनके पिता प्रेमसिंह सिदार किसान हैं और पिछले कुछ वर्षों से लकवाग्रस्त होने के कारण कार्य करने में असमर्थ हैं। ऐसे कठिन समय में हेमलाल ने खेती-किसानी के काम के साथ पढ़ाई जारी रखी, उन्होंने 12वीं के बाद मजदूरी तक करनी पड़ी, लेकिन उन्होंने अपनी पढ़ाई को कभी टूटने नहीं दिया। उन्होंने कक्षा आठवीं तक की पढ़ाई अपने गांव रेमड़ा में पूरी की। इसके बाद 12वीं तक की शिक्षा शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसना में प्राप्त की। उन्होंने स्नातक वीरेंद्र बहादुर सिंह महाविद्यालय, सरायपाली से किया। इसके बाद उन्होंने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) बसना से कोपा (कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट) ट्रेड में एक वर्षीय डिप्लोमा किया है। साल 2018 से हेमलाल ने घर की आर्थिक स्थितियों और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बावजूद लगातार पीएससी की तैयारी की। पांच बार मुख्य परीक्षा और तीन बार इंटरव्यू देने के बाद पीएससी-2024 में अंततः उनका चयन नायब तहसीलदार पद के लिए हुआ। इससे पहले उनका चयन लैब टेक्नीशियन पद के लिए भी हो चुका है। वर्तमान में वे हॉस्टल अधीक्षक के पद पर पदस्थ हैं। हेमलाल ने हरिभूमि से बातचीत के दौरान अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, दीदी, गुरुजनों और दोस्तों को देते हुए बताया कि परिवार की परिस्थितियों और खेती-किसानी की जिम्मेदारियों ने उन्हें मेहनत, धैर्य और संघर्ष का महत्व सिखाया। जनपद सभापति प्रकाश सिंहा सभापति ने हेमलाल की सफलता को बसना के युवाओं के लिए प्रेरणा बताया।



---

# सत्यापन के नाम पर बिना जांच के काटा जा रहा गरीबों का राशन कार्ड : निखिलकांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत

- नपाध्यक्ष ने की गाइड लाइन में परिवर्तन की मांग
- गरीब परिवार के बच्चे शिक्षा के अधिकार से सकते हैं वंचित

साहू ने कहा कि शासन के निर्देश पर राशन कार्डों की जांच तथा अपात्रों के राशन कार्ड रद्द किए जा रहे हैं, जो निश्चित ही स्वागतेय है। लेकिन, उचित जाँच किए बगैर ही राशन कार्डों को निरस्त किए जा रहे हैं, जो न्याय संगत नहीं है। कई गरीब परिवार जो हर दृष्टि से पात्र हैं, उनका भी राशन कार्ड निरस्त किए जा रहे हैं। साहू ने कहा कि अनेक पात्र लोगों ने उन्हें इस बात की जानकारी दी है कि वे शासन के गाइड लाइन के अनुसार गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लोग हैं, उनका राशन कार्ड निरस्त कर दिया गया है। सत्यापन के नाम पर गरीबों के राशन कार्ड निरस्त किये जा रहे हैं। इसका बड़ा प्रभाव गरीब परिवार के स्कूली बच्चों पर पड़ सकता है। आरटीई के तहत शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों को भविष्य में राशन कार्ड की आवश्यकता होने पर वे गरीबी रेखा अंतर्गत राशन कार्ड प्रस्तुत नहीं कर पाएंगे। जिसे शिक्षा के अधिकार से उन्हें वंचित होना पड़ेगा।



नपाध्यक्ष ने कहा कि शासन के गाइड लाइन अनुसार जिनके पास पांच एकड़ से ज्यादा जमीन और 6 लाख से ज्यादा वार्षिक आय है, ऐसे लोगों के बीपीएल राशन कार्ड निरस्त करने की कार्रवाई की जा रही है। सत्यापन में अब तक 10 हजार से अधिक राशनकार्डधारी अपात्र पाए गए हैं। इनमें से 7 हजार लोगों के राशनकार्ड निरस्त भी किए जा चुके हैं। शहरी क्षेत्र में अधिकांश गरीबों के पास खेती भूमि ही नहीं है, वहीं, रोजी-मजदूरी कर वे अपना जीवन यापन करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश लघु कृषक होते हैं, धान का भुगतान सहित सभी प्रकार के भुगतान बैंक खाते में आते हैं, ऐसे में सालाना 6 लाख रूपए से अधिक का लेन-देन दिखने पर उनका राशन कार्ड काटा जा रहा है, जो गरीब हितग्राहियों के हित में नहीं है। साहू ने शासन से अनुरोध किया है कि केवल उन्हीं राशन कार्डों को निरस्त किया जाना चाहिए, जिनके मुखिया की मृत्यु हो गई है, जो एकल राशन कार्ड थे तथा जो लोग अनैतिक लाभ ले रहे हैं उनका वास्तविक जांच कर उनका राशन कार्ड निरस्त किया जाए। साथ ही गाइड लाइन में परिवर्तन करते हुए 10 लाख रुपए तक वार्षिक आय तथा 5 एकड़ कृषि भूमि तक के लोगों को खाद्यान्न योजना का लाभ प्रदान करते हुए गरीबी रेखा अंतर्गत पात्र माना जाए।

---

**बिरसा मुंडा के गौरवशाली अतीत पर व्याख्यान एवं रंगोली व पोस्टर स्पर्धा हुई**

# रंगोली में तृप्ति एवं पोस्टर प्रतियोगिता में अंजू प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर आयोजित किया गया।

प्राचार्य करुणा दुबे एवं योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक विधानसभा व अध्यक्ष जनभागीदारी प्रबंधन समिति महाविद्यालय के मार्गदर्शन में 22 नवंबर शनिवार समय प्रातः 11 बजे से व्याख्यान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं वक्ता भैरव पाल समाज सेवक, अध्यक्षता प्रो.करुणा दुबे प्राचार्य, विशिष्ट अतिथि कमलेश ध्रुव अध्यक्ष केन्द्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ, विशिष्ट अतिथि प्रमिला ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत मचेवा, डॉ रीता पांडेय कला संकाय प्रमुख, केके ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि, संयोजक मनबोध चौहान सहायक प्राध्यापक वाणिज्य, सह संयोजक गेश्वर सिंह दीवान छात्रावास अधीक्षक मंचस्थ रहे।

स्वागत उद्बोधन में करुणा दुबे ने बिरसा मुंडा के स्वतंत्रता सेनानी के रूप में महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि कमलेश ध्रुव ने कहा कि बिरसा मुंडा ने अपने समुदाय के लोगों को संगठित किया और अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया। प्रमिला ध्रुव ने अपने विचार रखें।



इस मौके पर रंगोली एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया था। रंगोली में प्रथम तृप्ति साहू बीएससी प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय अंजू ध्रुव बीए अंतिम वर्ष, तृतीय कुमकुम ठाकुर एमएससी प्रथम सेमेस्टर रसायनशास्त्र रहीं। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम अंजू ध्रुव बीए अंतिम वर्ष, द्वितीय रितिक पहारिया एमए तृतीय सेमेस्टर इतिहास, तृतीय जागृति साहू एमए प्रथम सेमेस्टर राजनीति विज्ञान रही। सभी विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो से पुरस्कृत किया गया। साथ ही जनजातीय समाज के उत्थान के लिए दिए योगदान पर लघु फिल्म दिखाया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ आरके अग्रवाल, सरस्वती सेठ, मनीषा प्रधान, प्रियंका सोनवानी, केशरचंद बनपाल, डॉ अजय कुमार देवांगन, दिलीप कुमार बढ़ाई, आशुतोष पुरी गोस्वामी, नम्रता तंबोली, डॉ भूपेश पात्र, रेणुका साहू, डॉ प्रिया बारीक, प्रकाशमणि साहू सहित अधिक संख्या में छात्र छात्राओं उपस्थित रहे। संचालन लेफ्टिनेंट प्रदीप कन्हेर सहायक प्राध्यापक रसायनशास्त्र एवं आभार प्रदर्शन मनबोध चौहान कार्यक्रम संयोजक ने किया।

